# सड़क सुरक्षा के नियम बताए

चंबा। राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी में सड़क सुरक्षा क्लब की ओर से विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर पुलिस चौकी गैहरा के प्रभारी हंसराज भी मौजूद रहे उन्होंने यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी। कार्यकारी प्राचार्य प्रो. अनित ठाकुर ने चौकी इंचार्ज का धन्यवाद किया। संवाद



चंबा के लिल्हकोठी कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी। -संवाद

# विद्यार्थियों ने निहारा ताजमहल और आगरा किला

चंबा। राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी 55 विद्यार्थियों ने आगरा, मथुरा और वृंदावन में चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। इसमें प्रो. अनित ठाकुर, डॉ अजय शर्मा और लिपिक राजकुमार मौजूद रहे। भ्रमण के समन्वयक प्रो. अनित ठाकुर ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष यात्रा अनुभवों के माध्यम से उनके ज्ञान को गहरा करते हुए भारत के समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराना था। इस यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने विश्व प्रसिद्ध ताजमहल, आगरा किले का दौरा किया।इस दौरान विद्यार्थियों ने मथुरा और वृंदावन की भी यात्रा की। संवाद

# बी.ए. फाइनल की शीतल चौहान ने रचाई सबसे सुंदर मेहंदी

## लिल्हकोठी कालेज में करवाचौथ पर मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

चम्बा, 19 अक्तूबर (काकू): राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी में करवाचौथ के उपलक्ष्य पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. शिव दयाल शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

निर्णायक के रूप में सहायक प्रोफैसर सुरेश कुमार और काजल चौहान ने अपनी अहम भूमिका निभाई। डा. शिवदयाल ने कहा कि यह एक ऐसी प्रतियोगिता है, जिसमें हम अपने आप को तो खुश रख सकते हैं बल्कि दूसरों को भी खुशी दे सकते हैं। इस प्रतियोगिता में कुल 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान मेहंदी प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष की शीतल चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा बी.ए. तृतीय वर्ष की निकिता द्वितीय व बी.ए. तृतीय वर्ष की ही चंद्रेश तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर डाक्टर अजय शर्मा एवं सहायक प्रोफैसर अनित ठाकुर उपस्थित रहे।



चम्बा : लिल्हकोठी कालेज में करवाचौथ पर आयोजित प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं द्वारा हाथों में लगाई गई मेंहदी व हाथों को दिखातीं छात्राएं। (काकू)

## भाषण में चंद्रेश कुमारी रहीं अव्वल

चंबा। राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी में रेड रिबन क्लब के बैनर तले एचआईवी एड्स विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सहायक आचार्य सुरेश के नेतृत्व में हुआ, जिसमें जागरूकता रैली और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में चंद्रेश कुमारी ने पहला, अनु कुमारी ने दूसरा और काजल ने तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर अनित ठाकुर ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में एड्स को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर कर एक स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है, और विद्यार्थी अपने आस-पास के समाज को जागरूक कर इस कार्य को अंजाम दे सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. अजय भी उपस्थित रहे। संवाद

## शीतल ने रचाई सबसे सुंदर मेहंदी



चंबा। राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी में करवाचौथ के उपलक्ष्य पर मेहंदी प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिव दयाल शर्मा थे।

निर्णायक के रूप में सहायक प्रो. सुरेश कुमार और सहायक प्रो. काजल चौहान ने अहम भूमिका निभाई। मुख्यातिथि ने कहा कि यह एक ऐसी प्रतियोगिता है, जिसमें हम खुद को तो खुश रख ही सकते हैं, बल्कि दूसरों को भी खुशी दे सकते हैं।

प्रतियोगिता में 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया। बीए तृतीय वर्ष की शीतल चौहान ने पहला, निकिता ने दूसरा और चंद्रेश कुमारी ने तीसरा स्थान हासिल किया। संवाद

# अमर उजाला

## न्यूज डायरी

### लिल्हकोठी कॉलेज में रोपे 50 पौधे



**चंबा।** राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी की एनएसएस इकाई ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। अभियान की शुरुआत प्राचार्य डॉ. शिवदयाल शर्मा ने पौधरोपण कर की। इस दौरान 50 पौधे रोपे गए। उन्होंने विद्यार्थियों को पौधरोपण का महत्व बताया। इस दौरान सहायक प्रोफेसर अनित ठाकुर, डॉ. अजय शर्मा, सहायक प्रोफेसर सुरेश कुमार और सहायक प्रोफेसर काजल चौहान भी मौजूद रहे। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्रोफेसर अनित ठाकुर ने बताया कि इस तरह के अभियान हर सत्र में करवाए जाते हैं। इनमें कॉलेज विद्यार्थियों और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाता है। संवाद

www.punjabkesari.in चम्बा

# रचना व हिमानी का जी.के. सबसे तेज



चम्बा : लिल्हकोठी कालेज में आयोजित क्विज प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थी व प्राध्यापक। (मूर्ति)

चम्बा, 16 सितम्बर (काकू): राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी में अर्थशास्त्र सोसायटी द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कालेज के विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों के बीच अर्थशास्त्र के प्रति जागरूकता और रुचि को बढ़ावा के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 7 टीमों ने भाग लिया, जिनमें रचना और हिमानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रोमिला और आरती ने द्वितीय और दीपिका तथा नेहा तृतीय स्थान पर रहीं। विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

अर्थशास्त्र सोसायटी के अध्यक्ष डा. अजय शर्मा ने कहा कि यह प्रतियोगिता छात्रों के लिए एक उत्कृष्ट अवसर थी जो अर्थशास्त्र में अपनी रुचि और ज्ञान को बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं। कालेज के प्राचार्य डॉ. शिवदयाल शर्मा और सहायक प्रोफैसर अनित ठाकुर, सहायक प्रोफैसर सुरेश कुमार, सहायक प्रोफैसर काजल चौहान भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए उपस्थित रहे। प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को मुद्रास्फीति और आर्थिक उदारीकरण से अवगत करवाया।

# आरती लिल्हकोठी केंद्रीय छात्र संगठन की बनीं अध्यक्ष

## महाविद्यालय में मनोनयन आधार पर किया गया छात्र संगठन का गठन



चंबा के लिल्ह कोठी कॉलेज में शपथ ग्रहण करते केंद्रीय छात्र संगठन के पदाधिकारी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**चंबा।** राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी में केंद्रीय छात्र संगठन का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. शिवदयाल शर्मा ने की।

प्राचार्य ने नामांकित सदस्यों को शपथ दिलाई। नामांकित विद्यार्थियों में आरती देवी को अध्यक्ष, चंद्रेश को उपाध्यक्ष, अभिषेक को सचिव और अरोमा कुमारी को सह सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। इसके अलावा विभिन्न पद कक्षा प्रतिनिधि, रोवर ऐंड रेंजर, एनएसएस, रोड सेफ्टी क्लब, रेड रिबन क्लब, सांस्कृतिक गतिविधियां एवं खेल प्रतिनिधियों को नामांकित किया गया। यह पूरी चयन प्रक्रिया प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के दिशा-निर्देशों और महाविद्यालय सीएससीए सलाहकार समिति एवं प्राचार्य डॉ. शिव दयाल शर्मा के दिशा निर्देशों के अनुसार हुई। सीएससीए सलाहकार समिति के समन्वयक सहायक आचार्य अनित ठाकुर ने बताया कि चुने गए प्रतिनिधि की नियुक्ति मेरिट के आधार पर की गई।

वर्ष 2014 के बाद से प्रदेश में छात्र प्रतिनिधियों को अप्रत्यक्ष रूप से मेरिट के आधार पर छात्र नामांकित किया जाता है। इस अवसर पर सहायक आचार्य डॉ. अजय शर्मा, सुरेश कुमार, काजल चौहान व राजकुमार मौजूद रहे।

# लिल्हकोठी कॉलेज को नए साल में मिलेगा अपना भवन

## भवन का 70 प्रतिशत कार्य पूरा, तीस प्रतिशत बचा है शेष

संवाद न्यूज एजेंसी

चंबा। पिछले करीब सात साल से भवन का इंतजार कर रहे राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी के विद्यार्थियों का इंतजार जल्द खत्म होने वाला है। नव वर्ष से विद्यार्थियों को नए भवन की सौगात मिलेगी। भवन का कार्य 70 प्रतिशत पूरा हो गया है। इस साल के अंत तक शेष तीस प्रतिशत कार्य भी पूरा होने की संभावना बन गई है। भवन निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है।

कॉलेज भवन के निर्माण पर करीब 12 करोड़ की राशि व्यय की जा रही है। तीन मंजिला यह आधुनिक भवन होगा। भवन में कला, विज्ञान और कॉमर्स संकाय के अलग-अलग ब्लॉक का निर्माण कार्य हुआ है। भवन में अन्य सुविधा भी विद्यार्थियों को मिलेगी। पुस्तकालय की भी व्यवस्था होगी। वर्ष 2016 में सरकार ने लिल्हकोठी में कॉलेज की सौगात दी थी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. शिवदयाल शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय के नए भवन का काम चल रहा है। नए साल में भवन की सौगात मिलने की पूरी संभावनाएं हैं।

लोक निर्माण विभाग भरमौर के अधिशासी अभियंता मीत शर्मा ने बताया कि विद्यालय का 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।



12 करोड़ से हो रहा है कॉलेज के नए भवन का निर्माण कार्य

# आरती देवी लिल्हकोठी कालेज की अध्यक्ष, अभिषेक चुने सचिव

## कालेज में कैंद्रीय छात्र संगठन के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन



चम्बा : लिल्हकोठी कालेज में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के दौरान सी.एस.सी.ए. प्रतिनिधि व अन्य। (न्यूरो)

चम्बा, 23 सितम्बर (काकू): राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी में महाविद्यालय कैंद्रीय छात्र संगठन के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. शिवदयाल शर्मा की। उन्होंने नामांकित सदस्यों को शपथ दिलाई तथा नव निर्वाचित सदस्यों को अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने बताया कि सी.एस.सी.ए. के चुने हुए प्रतिनिधि महाविद्यालय के छात्रों और प्रशासन के बीच में एक कड़ी का काम करते हैं, ताकि प्रशासन महाविद्यालय में छात्रों को आने वाली समस्या से रूबरू हो सके तथा इन समस्याओं को सुलझाने के प्रयास किए जा सकें और महाविद्यालय में अच्छा शैक्षणिक वातावरण बना रहे। नामांकित छात्रों में आरती देवी को अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा चंद्रेश को उपाध्यक्ष, अभिषेक को सचिव तथा अरोमा कुमारी को सह सचिव के पद पर नियुक्त किया गया।

इसके अलावा विभिन्न पद जैसे कि कक्षा प्रतिनिधि, रोवर एंड रेंजर, एन.एस.एस., रोड सेफ्टी क्लब, रैड रिबन क्लब, सांस्कृतिक गतिविधियां एवं खेल प्रतिनिधियों को नामांकित किया गया। यह पूरी चयन प्रक्रिया हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के दिशा निर्देशों व महाविद्यालय सी.एस.सी.ए. सलाहकार समिति एवं प्राचार्य डा. शिव दयाल शर्मा के दिशा निर्देशों अनुसार संपन्न हुई। सी.एस.सी.ए. सलाहकार समिति के समन्वयक सहायक आचार्य अनिल ठाकुर ने बताया कि चुने गए प्रतिनिधि की नियुक्ति मैरिट के आधार पर की गई। उन्होंने भारत की परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत में प्राचीन काल से ही लोकतांत्रिक परंपरा रही है, वैदिक काल में सभा और समिति द्वारा राजा का चयन किया जाता था तथा राजा अपने पद की शपथ लेता था कि वह प्रजा के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेगा, ऐसा न करने पर समिति के सदस्य द्वारा राजा को उसके पद से हटाया जा सकता था। यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया का भारत में पहला उदाहरण है।

उन्होंने तक्षशिला, नालंदा और विक्रमशिला का जिक्र करते हुए कहा किस तरह से इन विश्वविद्यालय में छात्र और प्राध्यापकों के बीच में हमेशा संवाद होता रहता था, जिसमें इस तरह के विद्यार्थी संगठन काम करते थे।

उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में छात्र संगठन के लिए पहला चुनाव 1919 में रिपन कालेज में हुआ था, जिसमें [illegible] सेन गुप्ता को प्रेसीडेंट के लिए चुना गया था तथा आजादी के बाद ए.बी.वी.पी., एस.एफ.आई. तथा एन.एस.यू.आई. जैसे छात्र संगठन का निर्माण एक [illegible] के रूप में हुआ। वर्तमान में 2014 के बाद से हिमाचल प्रदेश में छात्र प्रतिनिधियों को अप्रत्यक्ष रूप से मैरिट के आधार पर छात्र नामांकित किया जाता है। इस अवसर पर सहायक आचार्य डा. [illegible], मुकेश कुमार, काजल चौहान व [illegible] राजकुमार भी मौजूद रहे।



चम्बा : लिल्हकोठी कालेज में अध्यापक, अभिभावक संघ की आम सभा के दौरान मौजूद सदस्य व प्राचार्य। (न्यूरो)

# लिल्हकोठी कालेज में कुलदीप को चुना अध्यापक, अभिभावक संघ का प्रधान

## सुरेश को उपप्रधान व राजेश को सचिव की कमान

चम्बा, 20 सितम्बर (रणवीर): राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी में अध्यापक, अभिभावक संघ (पी.टी.ए.)की आम सभा की बैठक का आयोजन प्राचार्य डा. शिवदयाल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस वार्षिक आमसभा में सत्र 2024-25 के लिए अध्यापक, अभिभावक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें पी.टी.ए. सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से कुलदीप को प्रधान, सुरेश को उपप्रधान तथा राजकुमार को सचिव पद, काव्या को सहसचिव, प्रकाश को कोषाध्यक्ष तथा उत्तम को तकनीक सलाहकार के रूप में चुना गया। प्राचार्य डाक्टर शिवदयाल शर्मा ने बताया कि 2024-25 के लिए पी.टी.ए. की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य अभिभावकों के साथ मिलकर छात्रों की समस्याओं का हल करना है।

# पुस्तकालय का निरीक्षण किया

**चंबा।** राजकीय महाविद्यालय लिल्ह कोठी में पुस्तकालय का निरीक्षण करने के लिए टीम पहुंची। टीम का नेतृत्व डॉ. सुशील कुमार और डॉ. चंदन भारद्वाज ने किया। टीम ने पुस्तकालय में मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। टीम ने पुस्तकालय के बुनियादी ढांचे, पुस्तकों और पत्रिकाओं की उपलब्धता, पुस्तकालय के कर्मचारियों की योग्यता और पुस्तकालय की स्वच्छता और रखरखाव की स्थिति का मूल्यांकन भी किया। साथ ही आगामी रिपोर्ट तैयार की। इस रिपोर्ट के आधार पर ही आगामी कदम उठाए जाएंगे। राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी के पुस्तकालय में कॉलेज विद्यार्थी पढ़ाई करते हैं। टीम के निरीक्षण करने का मकसद पुस्तकालय में विद्यार्थियों की परेशानियां जानने के साथ नई किताबें उपलब्ध करवाना है। इस रिपोर्ट के आधार पर ही आगामी कदम उठाए जाएंगे। संवाद





चम्बा : लिल्ह कालेज में आयोजित प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी को सम्मानित करते मुख्य अतिथि प्राचार्य डा. शिवदयाल। (ब्यूरो)

# चंद्रेश व काजल का भाषण सबसे बेहतरीन

## लिल्हकोठी कालेज में प्रतियोगिताएं आयोजित

चम्बा, 1 अक्तूबर (काकू): जिले के लिल्हकोठी कालेज में इतिहास विभाग की सोसायटी हमारा इतिहास हमारी संस्कृति द्वारा गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर भाषण व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेजों के विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान बारे अवगत करवाया गया।

इस दौरान भाषण प्रतियोगिता में चंद्रेश तथा काजल ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा अमीषा ने द्वितीय स्थान पाया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 7 टीमों ने भाग लिया, जिनमें रानी लक्ष्मीबाई टीम की शिवानी और जीविका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सम्राट अशोक की टीम से रचना और अंजलि द्वितीय व तृतीय स्थान पर छत्रपति शिवाजी टीम से श्वेता और ...

विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इतिहास विभाग के सहायक आचार्य अनित ठाकुर ने कहा कि यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए एक उत्कृष्ट अवसर थी जो इतिहास में अपनी रुचि और ज्ञान को बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं। साथ ही उन्होंने गांधी के जीवन और दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा ही वर्तमान युग में समाज हिंसा, आतंकवाद, सामाजिक भेदभाव, आर्थिक असमानता, धार्मिक कट्टरता से ग्रसित है ऐसे में गांधी जी के विचारों को आत्मसात करने से देश उन्नति कर सकता है तथा विश्व गांधी के अहिंसा और शांति के सिद्धांत को अपनाकर समाज व मानव कल्याण के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है।

कॉलेज के प्राचार्य डा. शिवदयाल शर्मा, सहायक प्रोफैसर डा. अजय शर्मा, सहायक प्रोफैसर सुरेश कुमार, सहायक प्रोफैसर काजल चौहान ने भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया व निर्णायक मंडल

## महिलाओं ने बैंक की योजनाओं के बारे में जाना

**चंबा।** एसबीआई के अधिकारी रणंजीत ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को बैंक की कार्यप्रणाली के बारे में बताया। डीआरडीए हाल हरदासपुरा में पांच दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन वे स्रोत व्यक्ति के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने बैंक की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उपस्थित महिलाओं को ऋण योजनाओं के बारे में भी बताया। बताया कि वे किस प्रकार बैंक से ऋण लेकर आजीविका शुरू कर सकती हैं। कार्यशाला में उमा शर्मा ने जरीश बनाने का प्रशिक्षण दिया। उत्पाद की मार्केटिंग के बारे में श्याम बैरी ने जानकारी दी। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की प्रबंधक रुचि महाजन ने बताया कि यह कार्यशाला पांच दिन तक चलेगी। संवाद



चंबा के लिल्हकोठी कॉलेज में शिविर के दौरान स्वयंसेवी। संवाद

## लिल्हकोठी कॉलेज में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**चंबा।** राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी की एनएसएस इकाई ने महात्मा गांधी के जीवन एवं स्वतंत्रता संग्राम में योगदान के विषय पर प्रश्नोतरी प्रतियोगिता करवाई। इस दौरान कॉलेज प्राचार्य डॉ. शिवदयाल मुख्यातिथि थे। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि ने प्रथम, द्वितीय और स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी मनोज कुमार, अजय कुमार,सुरेश कुमार मौजूद रहे। संवाद



चंबा के लिल्ह कोठी कॉलेज में प्रश्नोतरी प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी विद्यार्थी। स्रोत : शिक्षण संस्थान

## सड़क सुरक्षा पर स्वयंसेवियों ने निकाली रैली




**चंबा।** राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी में रोड सेफ्टी क्लब और एनएसएस इकाई ने संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता रैली निकाली। कॉलेज प्राध्यापक मनोज कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाई। रैली महाविद्यालय परिसर से होती हुई लिल्हकोठी के साहनका गांव से होकर वापस कॉलेज परिसर पहुंची। छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर सड़क सुरक्षा क्लब के नोडल अधिकारी सुरेश कुमार सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा। संवाद

## विद्यार्थियों को बताए सड़क सुरक्षा के नियम



लिल्हकोठी कॉलेज में विद्यार्थियों को जागरूक करता पुलिस कर्मी। संवाद

**चंबा।** राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी में रोड सेफ्टी क्लब ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए जागरूकता शिविर लगाया। इसमें पुलिस चौकी गैहरा के प्रभारी अनिल ने विद्यार्थियों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चौपहिया वाहन में सीट बेल्ट पहनने, ट्रैफिक लाइट के नियमों का पालन करने और नशे के बारे में भी अहम जानकारी दी। विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने का भी प्रण लिया। इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य शिवदयाल और सड़क सुरक्षा क्लब के नोडल अधिकारी और प्राध्यापक उपस्थित रहे। संवाद




हिमाचल प्रदेश

## मासिक धर्म के प्रति फैली भ्रान्तियों के बारे में सरकारी कॉलेज लिल्हकोठी में छात्राओं को किया जागरूक :'वो दिन' योजना के तहत शिविर आयोजित

## एनएसएस के स्वयंसेवियों ने किया पौधरोपण



चंबा के लिल्ह कोठी के आसपास जंगल में पौधरोपण करते विद्यार्थी। स्रोत :संस्था

चंबा। राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी के एनएसएस के स्वयंसेवियों ने मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया। इकाई प्रभारी मनोज कुमार की देख-रेख में विद्यार्थियों ने साहनखां गांव में पौधरोपण किया। इसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। इसके बाद बच्चों ने स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य समेत अन्य प्राध्यापक भी मौजूद रहे। संवाद

# कठिन परिश्रम से मिलती है सफलता : तनु कुमारी

संवाद सहयोगी, चंबा : जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कोई भी शार्टकट नहीं है। कठिन परिश्रम से ही सफलता प्राप्त होगी। समय पर लक्ष्य निर्धारित करना और उन्हें हासिल करने में जुट जाना बहुत आवश्यक है। यह बात यंग प्रोफेशनल तनु कुमारी ने कही। राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी में शुक्रवार को करियर मार्गदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें यंग प्रोफेशनल तनु कुमारी ने विद्यार्थियों को विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारी दी।

उन्होंने जीवन में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के विभिन्न विकल्प के बारे में बताया। साथ ही अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित भी किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को साक्षात्कार देने, विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी करने के टिप्स देने के साथ-साथ विद्यार्थियों के प्रश्न के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को भी शांत किया गया। विद्यार्थियों को विभिन्न विभागीय एवं ऋण योजनाओं से भी अवगत करवाया गया।



राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोटी में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व स्टाफ • जागरण

**लिल्हकोटी कालेज में जागरूक किए विद्यार्थी, करियर मार्गदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

इस दौरान तनु कुमारी ने प्रशिक्षुओं को श्रम एवं रोजगार विभाग और हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया।

तनु कुमारी ने कहा कि जिला रोजगार कार्यालय की ओर से युवाओं को जागरूक करने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में आईटीआई चंबा की ओर से बोना देवी ने विद्यार्थियों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डा. शिवदयाल तथा महाविद्यालय के स्टाफ सहित विद्यार्थी भी मौजूद रहे। सभी ने बच्चों को इस जानकारी का लाभ उठाने का आह्वान किया।

## न्यूज डायरी



चंबा के लिल्ह कोठी कॉलेज में एनएसएस शिविर के दौरान योगाभ्यास करते स्वयंसेवी। संवाद